कविता की रचना

नीचे इस कविता की कुछ विशेषताएँ और वे पंक्तियाँ दी गई हैं जिनमें ये विशेषताएँ दिखाई देती हैं। विशेषताओ का सही पंक्तियों से मिलान कीजिए। आप कविता की पंक्तियों में एक से अधिक विशेषताएँ भी ढूँढ़ सकते हैं।

	कविता की विशेषताएँ		कविता की पंक्तियाँ
1.	संवाद दिए गए हैं।	1.	हुआ विवाद सदय-निर्दय में
2.	पंक्ति के अंतिम शब्द की ध्वनि आपस में मिलती-जुलती है।	2.	हुई पक्ष की हानी।
3.	कुछ शब्द दो बार और साथ-साथ आए हैं।	3.	बेटा, समझ लिया क्या तूने मुझको अपनी नानी ? कहती है मझसे यह चेटी, तू मेरी नानी की बेटी!
4.	कुछ विपरीतार्थक शब्द साथ-साथ आए हैं।	4.	तू है हठी मानधन मेरे, सुन, उपवन में बड़े सबेरे
5.	प्रकृति का वर्णन किया गया है।	5.	कोमल-कठिन कहानी। वर्ण-वर्ण के फूल खिले थे, झलमल कर हिम-बिंदु झिले थे, हलके झोंके हिले-मिले थे, लहराता था पानी।
6.	एक ही वर्ण से शुरू होने वाले एक से अधिक शब्द एक ही पंक्ति में आए हैं।	6.	वर्ण-वर्ण के फूल खिले थे, झलमल कर हिम-बिंदु झिले थे, हलके झोंके हिले-मिले थे, लहराता था पानी।
7.	प्रश्न-उत्तर दिए गए हैं।		
8.	शब्द की वर्तनी बदलकर उपयोग किया गया है।		